कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 10.09.2023

गन्ने के रस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला देना तथा अचेत अवस्था में लड़की से जबरदस्ती दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त जय हिन्द तिवारी थाना चोलापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 0388/2023 धारा 376,328,506,120बी भा0द0वि0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जय हिन्द तिवारी पुत्र मृत्युंजय तिवारी निवासी ग्राम रामपुर मदनावीर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक 10.09.2023 को समय करीब 09.45 बजे बलरामगंज थाना चोलापुर से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

जय हिन्द तिवारी पुत्र मृत्युंजय तिवारी निवासी ग्राम रामपुर मदनावीर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 27 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. निरीक्षक विनय कुमार तिवारी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 दिनेश कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।

दिवसाधिकारी